**खबर संक्षेप**

### 2178 परीक्षार्थी परीक्षा में हुये शामिल

**छिन्दवाड़ा।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित प्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा आज जिले के 12 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में 3322 परीक्षार्थियों में से 2178 परीक्षार्थी शामिल हुये। एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम, सहायक संचालक शिक्षा जनजातीय कार्य श्री उमेश सातनकर और प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा श्री अवधूत काले के साथ परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसके अलावा अन्य विकासखंडों के परीक्षा केन्द्रों में भी तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और अन्य अधिकारियों ने जाकर आकस्मिक निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा के लिये बनाये गये परीक्षा केन्द्रों में से शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा में 37 और शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में 62, हर्रई में 489, बिछुआ में 249, तामिया में 456, जुन्नारदेव में 284, परासिया में 69, मोहखेड में 54, पांढुर्णा में 87, सौंसर में 14, चौरई में 11 व अमरवाड़ा में 366 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये। उन्होंने बताया कि आगामी 15 दिनों के भीतर परीक्षा परिणाम जारी होने की संभावना है ।

### विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि चौरई संभाग के अंतर्गत कुण्डा वितरण केन्द्र के ग्राम गुरैया में आर.डी.एस.एस.योजना में 33/11 के.व्ही. बेलखेडा से गुरैया इंटरकनेक्शन लाईन विस्तारीकरण कार्य किये जाने के कारण 29 अप्रैल 2024 को प्रातः 9 से 10:30 बजे तक 132 के.व्ही. उप केन्द्र चौरई से निर्गत 33 के.व्ही. कुण्डा फीडर में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### रेत चोरी, लकड़ी की तस्करी रोकने वन मंडलाधिकारी को ही आगे आना होगा, तामिया के अधिकारी बरत रहे लापरवाही

# नवरीटोला के जंगल से रेत चोरी के साथ लकड़ी की भी तस्करी



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया रेंज की कुआं बादला सर्किल की बीट भांडी में तैनात नाकेदार को मिले रेंजर के संरक्षण के चलते यह बीट भगवान भरोसे चल रही है। यहां पर पदस्थ नाकेदार रामदास शर्मा अपने नाके पर ना रहकर तामिया में निवासरत है। इसी कारण यह बीट रेत चोरों के हवाले हो चुकी है। यहां पर जंगल की कटाई होना आम बात है।

इस बीट में ही सागौन के फर्नीचर बनाने वाला कारखाना पकड़ा जा चुका है। इसके साथ ही कई रेत के ट्रैक्टर रेत चोरी करते पकड़े भी गए। लेकिन रेंजर और नाकेदार की लचर कार्रवाई के कारण सबूत के अभाव में छोड दिये गए। लेकिन वर्तमान में इसी बीट के गांव नवरी टोला के जंगल में तो नाकेदार एवं रेंजर के संरक्षण में वन भूमि की नदी में हो रही रेत चोरी का समाचार हरिभूमि ने प्रकाशित किया था। इसी जंगल से रेत की चोरी करने वाले अब हरे भरे पेड़ों को काटकर अपने उपयोग के लिए रेत के वाहनों में ले जा रहे हैं जिससे विभाग को वन संपदा के साथ-साथ हरे भरे झाड़ों की हानी भी हो रही है। जिससे पर्यावरण के साथ साथ प्राकृति द्वारा दिए गए हरे भरे पेड़ भी नाकेदार के संरक्षण में कट रहे हैं।

इन रेत चोरों के द्वारा रेत चोरी के बदले मिलने वाली रकम के दबाव में नाकेदार चाह कर भी रेत के वाहनों में लकड़ी ले जाने से लिए मना करने की स्थिति में नहीं है और यह रेत के साथ लकड़ी की तस्करी भी करवा रहे हैं।

वहीं रेंजर चाहकर भी कार्यवाही नहीं कर सकते क्योंकि या तो उनका अपने ही नातेदार पर नियंत्रण नहीं है या रेत चोरी से मिलने वाली कमाई के चलते रेंजर भी मौन साधे हुए हैं लेकिन अगर रेंजर ही वन अधिनियम का पालन करने के बजाए उल्लंघन कर वन संपदा एवं जंगल का विनाश करवाने पर उतारू हो जाए तो इस रेंज का भगवान ही मालिक है। अब वन मंडल अधिकारी छिंदवाड़ा के हस्तक्षेप से ही नवरीटोला जंगल में हो रही रेत चोरी और कट रहे पेड़ों को रोकने की जरूरत आन पड़ी है। ऐसे में अब वनमंडलाधिकारी को ही आगे आना होगा जिससे इस पर रोकथाम लग सके।

### टाइम लाईन ऑफ स्कूल सोयल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत 2 विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार टाइम लाईन ऑफ स्कूल सोयल हेल्थ कार्यकम के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 77 शासकीय स्कूलों का चयन किया गया है जिसमें छिंदवाडा जिले के 4 एकलव्य मॉडल रेसीडेन्सियल स्कूल हर्रई, बिछुआ, जुन्नारदेव व तामिया शामिल हैं । संबंधित स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मृदा नमूना संकलन, विश्लेषण व स्वाईल हेल्थ कार्ड पोर्टल पर ऑनलाईन एंट्री करने के बाद किसानों को स्वाईल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। इस संबंध में आज एकलव्य आवासीय विद्यालय हर्रई और एकलव्य विद्यालय सिंगारदीप बिछुआ में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुये। कार्यक्रमों में कृषि अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कक्षा 6 वी से 10वी तक के विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण के महत्व, मिट्टी नमूना संकलन, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, स्वाईल हेल्थ कार्ड व मिट्टी के पोषक तत्वों की विस्तृत जानकारी दी गई।



## मां जगदम्बा की मंगलमूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**छिंदवाड़ा।** सौंसर विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत वाघोड़ा में महामंडलेश्वर डॉ वैभव अलोणी के द्वारा विधि विधान के जगत जननी की जगदंबा की मंगलमूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। इसके अलावा मंदिर प्रांगण में शिव पंचायतन देवताओं की स्थापना हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## अभ्यर्थियों को नौकरी का प्रलोभन दे रहे जालसाजों से सावधान रहने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश के शासकीय विभागों में विभिन्न पदों पर आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती के नाम पर कुछ ऐसे जालसाज सक्रिय हैं जो नौकरी लगवाने का लालच देकर बेरोजगार युवाओं से पैसे ऐंठ रहे हैं। बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी का प्रयास करने से सम्बंधित जब कुछ शिकायतें सेडमैप के उच्च अधिकारियों तक पहुंची तो उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) ने अभ्यर्थियों को ऐसे जालसाजों से बचने और सावधान रहने की सलाह दी है। सेडमैप ने स्पष्ट किया है कि आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति और इससे सम्बंधित प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का पैसा अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाता है। यदि कोई व्यक्ति सेडमैप के नाम पर नौकरी लगवाने के लिये पैसे की मांग करता है तो पैसे न दें और तुरंत इसकी शिकायत ईमेल info.cedmap@gmail.com या मोबाइल नंबर 9893335484 पर करें। उन्होंने बताया मध्यप्रदेश भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) द्वारा उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश को सभी शासकीय विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती का दायित्व सौंपा गया है। इसके अन्तर्गत कलेक्टर दर पर उच्च कुशल, कुशल, अर्ध्दकुशल और अकुशल कर्मचारियों की भर्ती विभिन्न विभागों की आवश्यकता और मांग के अनुरूप समय-समय पर की जाती है। इन भर्तियों के लिये केन्द्र ने अपनी ओर से कोई भर्ती एजेंट या कोचिंग सेंटर नियुक्त नहीं किया है। सभी नियुक्तियों में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जा रही है ताकि योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो सके।

### अधिकारियों ने लिया स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल को मतदान के बाद छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम मशीनें शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में तीन लेयर की कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूमों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री खत्री द्वारा आज भी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.सी.बोपचे और पुलिस के अधिकारियों के साथ शासकीय स्वशासी पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा पहुंचकर विधानसभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूमों और पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### श्री सुन्दरकांड ग्रुप ने किया संगीतमय सुन्दरकांड का महापाठ



**छिंदवाड़ा।** श्री सुन्दरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार आपके बुलावे पर कई वर्षों से निःशुल्क संगीतमय सुन्दरकांड का महापाठ किया जाता है,ग्रुप द्वारा रामनवमी में एतिहासिक जन्मोत्सव के लिये शहर के साथ साथ पूरे जिले अपनी अलग पहचान बनाये हुए है इसी क्रम में श्री हनुमान सेवा एवं सहयोग समिति के तत्वावधान में नई आबादी गांधी में संगीतमय सुन्दरकांड का महापाठ किया गया,इस अवसर पर ग्रुप के अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,प्रदीप भारती,अंश पटेल,कैलाश उइके,अनय कसार,रमन पटेल,रिंकू ढोलक मास्टर,उमेश वंशकार, जित्तू यादव,नरेश वंशकार,सागर कसार,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,प्रदीप तिवारी,संतोष वंशकार, रानू साहू,सुंनु वंशकार,राम कुमार (लवली) साहू, विजय(अक्कू) वर्मा,चंचलेश मालवीय,श्रीचंद बर्मन,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,अंबर बंसल उर्फ शनि,राहुल निर्मलकर,दीपेश पटेल,दिवाकर मालवीय,सुदीप मालवीय,नीरज विश्वकर्मा,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी एवं सिंह परिवार सहित सभी वार्ड वासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि समिति द्वारा ग्रुप को रामलला जी प्रतिमा की फ़ोटोफ्रेम देकर ग्रुप को सम्मानित किया गया।

## बड़ोसा छात्रावास के छात्रों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन, छात्र विष्णु को मिलेगी स्कूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ

आदिवासी अंचल बिछुआ विकासखण्ड़ के ग्राम बड़ोसा में संचालित सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास में दर्ज विद्यार्थियों ने इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। छात्रावास अधीक्षक नीलेश ठाकरे से मिली जानकारी के अनुसार बालक छात्रावास बड़ोसा में रहकर अध्ययन करने वाले 3 विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं एवं 15 विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं दी। गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। साथ ही सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। सभी विद्यार्थियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ोसा से बोर्ड परीक्षाएं दी थी। छात्रावास के छात्र विष्णु पिता सगन बन को शासन की स्कूटी वितरण योजना के लिए चयनित किया गया। साथ ही संस्था के छात्र विशाल पिता ज्ञानेश्वर इनवाती, आयुष पिता शुद्धोधन बन, विशाल पिता दिनेश, रोशन पिता सुरेश इनवाती को लैपटॉप योजना के चिन्हित किया गया। विद्यार्थियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सतेन्द्र मरकाम, बिछुआ बीईओ रमेश गांजरे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ोसा के प्राचार्य केके पाटिल ने विद्यार्थियों एवं अधीक्षक नीलेश ठाकरे को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नाट्यगंगा के लिए 60 प्रतिभागियों ने दिया ऑडिशन

**सात साल से साठ साल तक के प्रतिभागियों को एक्टिंग की बारीकियाँ सिखाई जाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था नाट्यगंगा रंगमंडल के द्वारा आगामी 1 मई से 15 जून तक 45 दिवसीय फिल्म एवं थियेटर एक्टिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यषाला में सात साल से साठ साल तक के प्रतिभागियों को एक्टिंग की बारीकियाँ सिखाई जाएगी। इस कार्यषाला में भाग लेने के लिए कल रविवार को नाट्यगंगा के कार्यालय में ऑडिषन लिए गए। जिसमें सभी आयु वर्ग के कलाकारों ने भारी उत्साह दिखाया और 60 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्षन किया।



प्रतिभागियों ने अभिनय, नृत्य, गायन, वादन, संवाद अदायगी एवं अपने आत्मविष्वास से निर्णायकों को प्रभावित किया। संस्था के वरिष्ठ कलाकारों ने प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया और उनके प्रदर्षन के आधार पर उन्हें परखा। इन सभी कलाकारों की प्रतिभा देखकर सभी निर्णायक हतप्रद रह गए। विदित हो कि विगत रविवार को भी 69 प्रतिभागियों ने कार्यषाला में प्रवेष हेतु ऑडिषन दिया था।

अब इन सभी 129 प्रतिभागियों में से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन एक्टिंग वर्कषॉप के लिए किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों की सूची आज शाम 5 बजे तक जारी कर दी जाएगी। इन सभी प्रतिभागियों को 1 मई से 45 दिनों तक छिंदवाड़ा, भोपाल, वर्धा, मुंबई, जबलपुर, बालाघाट आदि स्थानों से पधार रहे फिल्म, टीवी और थियेटर के कलाकार कैमरा एक्टिंग, स्टेज एक्टिंग, गायन, वादन, संवाद अदायगी, मार्षल आर्ट्स, मुखोटा निर्माण आदि कला सिखाएंगे। कार्यषाला के दौरान नाटक भी तैयार किया जाएगा जिसका मंचन कार्यषाला की समाप्ति पर किया जाएगा।

इस कार्यषाला को सफल बनाने के लिए संस्था के सभी पुराने कलाकार सचिन वर्मा, अमजद खान, विनोद प्रसाद ग्यास, दानिष अली, नीता वर्मा, अमित सोनी, स्वाति चैरसिया, हेमंत नांदेकर, अंकित खंडूजा, आर्या भारती, वैषाली मटकर, नैना भारती, ऋषभ शर्मा, पियूष जैन, सोमिल साहू, गुंजन मेटेकर आदि ने अपने अथक प्रयासों से ऑडिषन को सफल बनाया।

## एफ.डी.डी.आई. के विद्यार्थियों के बनाये आकर्षक परिधान

**ग्रेजुएशन फैशन शो कार्यक्रम के बाद बांटे पुरूस्कार**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

एफ.डी.डी.आई. संस्थान छिंदवाडा के फैशन डिजाईन विभाग के अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए परिधान पहन फिस्ट-ए-फैशन 2024 की थीम पर गत दिवस संस्थान के सभागृह में ग्रेजुएशन फैशन शो (फिस्ट-ए-फैशन 2024) कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दृष्टिगत आज विभिन्न वर्गो में पुरूस्कार वितरित किये गये।

संस्था प्रमुख एवं फैशन डिजाईन विभाग के अध्यक्ष डॉ.प्रदीप कुमार मंडल ने बताया कि कार्यक्रम में बेस्ट क्रिएटिव डिज़ाइन कलेक्शन का पुरुस्कार निकिता सिन्हा, मोस्ट कमर्शियल कलेक्शन का पुरुस्कार आस्था डेहरिया, बेस्ट कस्टम कंस्ट्रक्शन का पुरुस्कार टीना खंडाईत, बेस्ट टेक्निकल डिज़ाइन का पुरुस्कार करीना बोबडे और सरफेस ऑर्नमेंटशन का पुरुस्कार सलोनी दरबारे को प्रदाय किया गया । साथ ही विभिन्न स्ट्रार पर कार्यक्रम को सफल बनाने वाले विद्यर्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न थीमों पर नागपुर के प्रोफेशनल मॉडलों ने रैंप वॉक कर लोगों का मन मोह लिया। इस कर्यक्रम में सवन्नाह कॉलेज ऑफ आर्ट एंड डिज़ाइन, एटलांटा (यूएसए) की सुश्री रिया जैन को ज्यूरी सदस्य प्रमुख के रूप में आमंत्रित किया गया था।

### न्यूटन पेंच नदी पुल के नीचे से निकाल रहे रेत

## पैजनवाड़ा अघोषित रेत खदान में माफियाओं का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



न्यूटन चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पैजनवाड़ा में स्थित पेंच नदी घाट में इन दिनों रेत माफियाओं का कब्जा है। रेत माफिया खनिज विभाग और पुलिस विभाग की मिलीभगत से बेखौफ रेत उत्खनन करने में लगे हुए है । एक ट्रैक्टर मालिक ने बताया , कि यहां से प्रतिदिन दस से पन्द्रह ट्राली चलती है । ट्रेक्टर के हिसाब से प्रति माह चढ़ावा दिया जा रहा है । रेत खदान घोषित नही होने के बावजूद रेत ठेकेदार द्वारा रायल्टी काटी जा रही है । यही स्थिति शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नदी घाटों पर बनी हुई है । यहां शिवपुरी , पचधार , लोहांगी बांदरी , नवेगांव आदि में अवैध रेत का उत्खनन जारी है । फर्जी रॉयल्टी थमाकर अवैध वसूली की जा रही हैं। यह कार्य पिछले लंबे समय से बिना रोक-टोक के चल रहा है। इन अवैध व्यवसायियों के द्वारा नदी घाट पर जहां तहां बड़े बड़े गड्ढे कर दिए गए हैं और नदी को छलनी कर रहे हैं । न्यूटन पेंच नदी के पुल के नीचे तो दिनदहाड़े रेत निकाली जा रही है । ज्ञात हो कि ग्राम पैजनवाड़ा में पेंच नदी का एक बहुत बड़ा हिस्सा आता है । जिसमें भारी मात्रा में रेत एकत्रित होती है , लेकिन प्रशासन द्वारा पैजनवाड़ा में रेत खदान घोषित नहीं की गई। जिसके चलते यहां से रेत निकालना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यहां से रेत निकाली जा रही है। जिस कार्य को अंजाम देने के लिए क्षेत्र के बड़े-बड़े रेत माफिया सक्रिय हैं जिन्होंने घाट पर अपने गुर्गे बिठा दिए हैं जो दिन रात टैक्टर ट्राली को नदी में पहुंचाकर उनसे अवैध उत्खनन करा रहे हैं जिन्हें फ़र्जी रायल्टी थमाकर उनसे अवैध वसूली कर रहे है। रेत माफियाओं के यहां बैठे गुर्गे प्रतिदिन एक ट्रैक्टर ट्राली की 5500 की रॉयल्टी काटते हैं और 12 घंटो के भीतर उसे तीन ट्रॉली रेत निकालने की अनुमति दी जाती हैं। ऐसे दिनभर बढ़ी संख्या में यहां टैक्टर-ट्रॉली चक्कर लगाते रहती हैं। यह गुर्गों का आसपास के क्षेत्र में इतना दबदबा है कि इनके खिलाफ बोलने से इन ग्रामीणों को डर लगता है। इन माफियाओं ने क्षेत्र में दहशत फैला रखी है , कि पुलिस एवं खनिज विभाग के अधिकारी से उनकी सेटिंग है जिसके चलते इनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता ।

### हफ्ते भर से लापता नाबालिग का अब तक नहीं लगा सुराग



**परासिया।** परासिया वार्ड 6 बीजी साईडिंग क्षेत्र से एक नाबालिग लड़क़ी हफ्ते भर से लापता है । जिसका सुराग अब तक नहीं लग पाया है । बेटी की तलाश में परिजनों के हाल - बेहाल है ।शिवानी उइके पिता राजू उइके उम्र 11 साल निवासी वार्ड 6 बीजी साइडिंग परासिया की रहने वाली है । जो कल दिनांक 22 अप्रैल की शाम 5 घर से बिना बताए कहीं चली गई । जिसकी शिकायत लड़की के पिता के द्वारा से पुलिस में दर्ज कराई गई ।लड़क़ी का पिता राजू टीन टप्पर बीनने का कार्य करता है । लड़की के गुम हो जाने से उसके पिता और अन्य परिजनों के हाल - बेहाल है और वह हर किसी से बेटी को ढूंढने की गुहार लगाता फिर रहा है । इस मामले पुलिस को भी अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है ।

भीम बुद्ध गीतों पर गायकों ने बटोरी तालियां

# पारेघाट में हुआ संविधान निर्माता डॉ.अंबेडकर के प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



वर्तमान परिवेश में संसार एवं विश्व के प्रत्येक व्यक्ति को तथागत बुद्ध के द्वारा बताए गए बौद्ध धर्म एवं संविधान निर्माता ड़ाबाबा साहेब अंबेडकर के विचारों की अत्यंत आवश्यकता है। आर्य अस्तागीक मार्ग एवं पंचशील के पालन से ही मनुष्य जीवन का कल्याण हो सकता है। बाबासाहेब आंबेडकर ने हजारों यातनाएं परेशानी दुख तकलीफ सहन करते हुए बहुजन समाज के विकास और कल्याण के लिए अनेको लड़ाइयां लड़ते हुए भारत के संविधान का निर्माण कर हमे समता स्वतंत्रता न्याय बंधुत्वता के अधिकार दिलाए है। उपरोक्त उदद्गार रविवार को पारेघाट में भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से आयोजित संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा अनावरण समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त करते हुए बुद्ध बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया। प्रतिमा का अनावरण समारोह एवं बौद्ध धर्म सम्मेलन संपन्न हुआ है। ग्राम पारेघाट में संपन्न हुए आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप मेंमार्शल डॉ. एन. व्ही. ढोके उषाताई बौद्ध,धम्मपाल देशभ्रतार संभागीय प्रभारी भा. बौ. महा. जबलपूर चंद्रभान बागड़े,जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक भगत, मुरलीधर कांबले, तहसील अध्यक्ष भाबोम लक्ष्मीदास बोरकर,जप सदस्य छायाबाई शिंदे,मंदा दिगांबर बागडे सुनिता आनंद दुफारे,चंद्रप्रकाश रंगारे,प्रेमराज गजभिये,दिलीप बागडे,लेखराज डोंगरे,राजेश बागडे थे।

## जय जय जय जय भीम की जय घोष के साथ हुआ प्रतिमा का अनावरण



कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर पंचशील ध्वजारोहण के साथ संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा का नीला कपड़ा हटाकर अनावरण समारोह किया गया।विक्कू संत की उपस्थिति में त्रिशरण पंचशील एवं बुद्ध वंदना के तथागत बुद्ध सम्राट अशोक महात्मा ज्योतिबा फुले संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर माता रमाई को अभिवादन किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए उपसरपंच उमाजी शेंडे ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर तथागत बुद्ध के कारण बहुजन समाज को मांन सम्मान के साथ में जीवन जीने का अधिकार मिला है। बुद्ध धर्म एवं बाबा साहब के विचारों के प्रचार प्रसार को लेकर ग्राम वासियों के सहयोग से यहां पर भव्य प्रतिमा का निर्माण किया गया है जिसमें जिन लोगों ने सहयोग दिया है उनके हम आभारी है। आयोजन कासंचालन मुकेश बागडे और आभार प्रदर्शन पूर्व सरपंच चरण दास बागड़े ने किया।आयोजन के दौरान बुद्ध भीमगीत मंडल, सातनुर, धम्मकसोटी भीमगीत मंडल,भीम बुद्ध गीतों की प्रस्तुतियां दी गई।कृष्णा शेन्डे,अशोक बागडे,हेमराज बागड़े,हिरा शेन्डे, मिना शेन्डे, उषा शेन्डे, निरंजना शेन्डे, पूनम बागडे, रंजना बागडे, रंजना देवानंद बागडे, सोना बागडे, मिरा बागडे, राजहिरा बागडे, पूजा बागडे, मुक्ता बागडे,आदि थे।

# रात में स्ट्रीट लाइट बंद होने से क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोडी में कई दिनों से गांव के सड़क स्ट्रीट लाइट रातों में बार बार बंद हो रहे हैं तो वही दिन के उजालों में लाइटों को जलाया जा रहा है,ग्रामीणों ने संबंधियों पर करवाई करने का अनुरोध किया है।गांव की नौकरशाही ठरें वाली होती है ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर कई बार शिकायत होने के बाद भी कही लोगो के काम नही होते तो वही लापरवाही भी हमेशा दिख जाती है, वही ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से सिंगोड़ी के सड़क स्टेट लाइट दिन के उजाले में रोशन हो रहे है जबकि इन लाइटों कि जरूरत रातों को होती हैं। मगर इस मामले के जबाबदारो के द्वारा लापरवाही करते हुए रातों में आज फिर से लाइट बंद कर दिया गया जिससे कई हिस्सों में अंधेरा हो गया है। गौरतलब है की सिंगोड़ी में सैकड़ो सड़क स्टेट लाइट है जिनके बंद रहने से रातों में ग्रामीणों को भरी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस समय शादियों का सीजन चल रहा है जिससे भीड़ भाड़ ज्यादा रह रही है।



# सेन जयंती मनाने को लेकर सेन समाज की बैठक कल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सेन समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि नंदा जी सेन महाराज की जंयती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सोमवार को समय 4 बंजे स्थानीय सेन भवन प्रांगण नरसिंहपुर रोड स्थित धरमटेकडी पुलिस चौकी के सामने में समाजिक बैठक का आयोजन समाज के सभी वरिष्ठ संरक्षक व पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में बैठक रखी गई है।यह जानकारी देते हुए युवा जिलाध्यक्ष हेंमत बंदेवार ने बताया कि बैठक सेन महाराज की जंयती मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की जायेगी।

# बाल संस्कार केंद्र के बच्चे नहीं रहते कच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रत्येक रविवार को चलाए जाने वाले चंदन गांव सेंट डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाटिका में बाल संस्कार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनमें संस्कार देने के लिए विभिन्न तरीकों से आध्यात्मिक शिक्षा दी जाती है जिसमें प्रणाम योगासन खेलकूद की गतिविधि आध्यात्मिक कहानियां द्वारा बच्चों में किस तरह हिंदू सनातन संस्कृति का डंका पूरे विश्व में बजे सके का ज्ञान दिया जाता है



इस अवसर पर बल संस्कार के संचाली का विमल शेर के रोशन सिग्नेचर सहित बाल संस्कार के शुभ संस्कारी बच्चों उपस्थित रहे।

## पालतू पशुओं की हो रही तस्करी

**दमुआ।** दमुआ नगर शहर के वार्ड क्रमांक 8, 9 माईनस 66 क्वार्टर एवं अन्य वार्ड एरिया क्षेत्र में कुछ अज्ञात लोग पालतू पशु जानवरों के पैरों के खूर के पास जी आई तार बाँध रहे हैं तार बाँध देने से जानवर पशु कमजोर होते जा रहे हैं उन्हें चलने फिरने दौड़ने में तकलीफ एवं परेशानी होती है तार की वजह से पशु जानवर मजबूर और कमजोर हो रहा है जिससे इन जानवरों पशुओं का आसानी से लोग पकड़ लेते और ऐसे पशुओ को पड़कर बाहर ले जाकर बेचा जा रहा है इस तरह से पालतू पशु जानवरों की लोग तस्करी करने में लगे हुए है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि कुछ अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा पालतू पशु और जानवरों के साथ ऐसा किया जा रहा है पशु जानवरों के पैरों खुरो मे तार बाँध रहे हैं और कमजोरी की अवस्था में उन्हें पकड़कर बाहर की ओर ले जाकर बेचा जा रहा है इस तरह पशुओं जानवरों की तस्करी का कार्य भी चल रहा है जब नागरिकों को पता चला कि पशुओं जानवरों के पैर खूरो पर तार बंधे हुए हैं तो लोगों ने पशुओं के पैरों में बंधे हुए तार को छोड़ा इस तरह सात आठ बार लोगों ने पैरों में बंधे हुए तार को जब छोड़ गया तो पता चला कि लोग पशु जानवर की तस्करी जैसे कार्य में भी लगे हुए हैं नागरिक लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासनतंत्र को ऐसे अज्ञात लोगों जो पशुओं जानवरों की तस्करी करने में जुटे हुए हैं ऐसे व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही करना चाहिए।

# सम्राट अशोक बुद्ध विहार का ताला तोडक़र दान पेटी से चोरों ने रकम चुराई



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगर के वार्ड नं. 2 में आंबेडकर भवन के परिसर में स्थित सम्राट अशोक बुद्ध विहार के अंदर रखी हुई दान पेटी का ताला तोडक़र चोर उसमें रखी हुई रकम चुरा ले गए। इस संबंध में समिति के सदस्यों द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। बुद्ध विहार के पदाधिकारी एल पी मेश्राम ने बताया कि एम पी ट्रेडर्स के श्री रंगारे ने उन्हें सुबह सूचना दी कि उनके बुद्ध विहार के दरवाजे का ताला टूटा हुआ हैं और अंदर रखी दान पेटी का ताला भी टूटा हुआ हैं। जानकारी मिलने पर समिति के पदाधिकारीगण व सदस्यगण बुद्ध विहार में पहुॅचे और देखा तो दरवाजे व दान पेटीका ताला टूटा हुआ था और उसमें रखी हुई दान की राशि चुरा ली गई थी।

उन्होंने बताया कि जब से बुद्ध विहार बना हैं, तब से लेकर आज तक दान पेटी को नहीं खोला गया था। लगभग 2 साल हो गए हैं। दान पेटी में कितनी रकम रही होगी, उसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता हैं। इस संबंध में पुलिस थाना वारासिवनी में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई हैं। पुलिस द्वारा जॉच की जा रही है। फिलहाल एक बार फिर नगर में चोरों के सक्रिय हाने की संभावना नजर आने लगी हैं।

मंहगी शराब और अहातों का आशियाना, कहां गये नियम, जरा पूछकर हमे भी बताना

# जिले भर में शराब ठेकेदार कर रहे कानून कायदे दरकिनार!

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** वर्तमाान में लांजी क्षेत्र में शराब पीने वालों को शराब महंगी मिले या सस्ती इससे वह वास्ता नहीं रख रहे है। जिसका फायदा शराब ठेकेदार भी जमकर उठा रहे हैं। तय रेट से भी महंगे दामों पर देशी व विदेशी शराब ठेकेदारों द्वारा बेची जा रही है, लेकिन ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिणाम स्वरूप शराब का शौक रखने वाले इन शराब ठेकेदारों के यहां पर लुट रहे है। नियमानुसार इन ठेकेदारों को शराब की रेट लिस्ट दुकानों पर चस्पा करनी चाहिए। वहीं तय एमआरपी के अनुसार ही शराब बेचनी चाहिए, लेकिन महंगे दामों पर बेच रहे है और शराब के शौकीन मजे से खरीद भी रहे हैं। शर्मीदगी के चलते शराब के शौकीन शिकायत करने से कतराते हैं। जिसके चलते ठेकेदारों पर भी कार्रवाई नहीं हो पाती है। जानकारी के मुताबिक जब यह शराब आबकारी विभाग के माध्यम से आती हैं और पूरी लिखा पढ़ी होती हैं जिसके चलते एक नंबर की शराब तो सस्ती होना मुश्किल है। सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार दो नंबर की शराब बुला कर गांव-गांव में बिक्री कर रहे है, जिससे उसे अधिक लाभ मिलता है और सस्ती शराब मिलने से गांव के लोगों को दूर भी नहीं जाना पड़ता। युवा पीढ़ी भी शराब पीने की आदी होती जा रही है।




**धड़ल्ले से संचालित हो रहे प्रतिबंधित अहाते:** कुछ माह पहले ही संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो प्रदेश को नया मुख्यमंत्री भी डॉ. मोहन यादव के रूप में मिला जिन्होने प्रदेश की सत्ता संभालते ही लाउड स्पीकर, मटन मछली मार्केट और शराब दुकानों के पास से अहाते हटाने के निर्देश जारी किये जो कुछ समय बाद ठंडे बस्ते में जाते दिखाई दे रहे है। लांजी विधानसभा क्षेत्र के किरनापुर विकासखंड में जो वर्तमान में नई शराब दुकान खोली गई है वह प्रसिद्ध किरनाई मंदिर से 100 कदम की दूरी से भी कम है, वहीं लांजी क्षेत्र की अधिकतर शराब दुकानों के बाजू में चखना और अहातों की झड़ी लगी है परंतु जिम्मेदारों को इससे कोई लेना देना नहीं है। जिससे अब क्षेत्र की जनता भी समझ चुकी है की चुनाव में हो हल्ला करना भी राजनेताओं के लिये कितना जरूरी होता है। सुराप्रेमी बकायदा शराब दुकानो से मंहगी शराब खरीदकर शराब दुकान के बाजू में ही शराब का सेवन कर रहे हैं और गंदगी का अंबार लगाते आसानी से देखे जा सकते हैं।

**बंद होंगे जब फाटक तो याद आएंगे पाठक:** वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में शराब दुकानों के जो ठेके हुए है उनमें बांदा कंपनी द्वारा ज्यादातर ठेके सरेंडर करते हुए 10 प्रतिशत ही ठेके की दुकाने ली गई है वहीं लगभग 70 प्रतिशत शराब का ठेका सोम कंपनी को मिला है वहीं 20 प्रतिशत ऐसे ठेकेदार है जो कभी बांदा कंपनी में शामिल होकर कुछ प्रतिशत की हिस्सेदारी लेकर अपने आप को ठेकेदार बताते फिरते थे परंतु इस वित्तीय वर्ष में जैसे बांदा कंपनी का सिंडीकेट टूटा सभी कुछ प्रतिशत वाले ठेकेदार स्वयं टेंडर भरकर शराब दुकानों का संचालन कर रहे है और कल तक जिस बांदा कंपनी के मालिक राजेश पाठक की चरण वंदना में अपना सुनहरा भविष्य देखते थे आज उसी बांदा कंपनी को बीता हुआ कल बताने से नहीं चूक रहे हैं। परंतु कहते है समय का पहिया कब किसके दरवाजे पर आकर रूक जाए और किसका समय कब बदल जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। ठीक उसी प्रकार बालाघाट जिले में इस समय शराब दुकानों के ठेके और व्यापार में देखने को मिल रहा है।

**अवैध शराब विक्रय और परिवहन पर कार्यवाही भी संदेहास्पद :** एक दिन पूर्व लांजी क्षेत्र के ग्राम टेडवा में पुलिस विभाग द्वारा की गई अवैध शराब विक्रय और परिवहन पर कार्यवाही भी आमजन में काफी चर्चा का विषय बनी रही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दरबान को चढ़ोत्तरी तो मिल चुकी थी परंतु राजा का कोषालय खाली रह जाने से उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया। हालांकि इस कार्यवाही के बाद कितनी और कार्यवाही लांजी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ होगी यह देखने लायक होगा। जबकि लांजी क्षेत्र जो महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगा हुआ है जहां दोनो ही राज्यों की अवैध शराब बिचौलिये आसानी से खपा रहे है परंतु जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर जाना तो दूर उनके कानों में जूं तक नहीं रेंगती। जिससे आमजन हमेशा लुटने के सिवाय और कुछ नहीं कर सकते।

120 रक्त दाताओं ने किया रक्तदान

# संत निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कासपुर माताटोला के संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउण्डेशन वारासिवनी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व ग्राम वासियों ने बढ़ चढक़र अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदान करने वाले सभी गणमान्य नागरिकों को फाउंडेशन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष दीप चौहान, आलोक खरे, व्यापारी परिवार के सदस्य अभिषेक सुराना, कैलाश दुल्हानी, सिकंदर मिश्रा, राहुल अरोरा, हर्ष डोंगरा, संत निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन के पदाधिकारी सदस्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के पदाधिकारी हरीराम तनवानी ने बताया कि इस शिविर में लगभग 140 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया था। जिसमें से 120 रक्तदाताओं के द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारंभ पूज्य सिंधी पंचायत वारासिवनी के अध्यक्ष लखीराम रामचंदानी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनों ने कहा कि रक्तदान जीवन दान के बराबर हैं। यदि रक्त को मानव द्वारा कृत्रिम रुप से बनाया जा सकता, तो इस रक्तदान शिविर के आयोजन की जरूरत नहीं होती। परंतु रक्त किसी भी तरह से कृत्रिम रुप से नहीं बनाया जा सकता हैं, जिस कारण से हमें रक्तदान शिविरलगाने होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को यह ध्यान रखना चाहिए कि रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती हैं, बल्कि शरीर स्वस्थ होता है। श्री तनवानी ने बताया कि तीसरे गुरू बाबा गुरबचन सिंह महाराज की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। कई बार लड़ाई, झगड़ा कर रक्तपात किया जाता हैं। आशय यहीं है कि खून नालियों में नहीं, मानव की नाडिय़ों में बहे। सद्गुरू हरदेव सिंह महाराज के रूप में सदगुरू महाराज अवतरित हुए और उन्होंने कहा कि इसका हमें बदला तो लेना हैं, लेकिन खून लेकर नहीं, खून देकर। इस लिए स्लोगन दिया गया कि इंसान का खून इंसान की नाडिय़ों में बहे, नालियों में नहीं। इसी के चलते कासपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।

# आठवी कक्षा के परीक्षा परिणाम विकासखंड में अव्वल

## कु. रिद्धिमा पटले 95 प्रतिशत, धैर्य ठाकुर 94 प्रतिशत एवं कु. दिशा हरने 93 प्रतिशत अंक लेकर रहे अव्वल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शिक्षाविद् स्व. दादूलाल पारीवाल द्वारा स्थापित नगर की अंग्रेजी माध्यम की ऐतिहासिक संस्था टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय संस्था प्रधान पंचम हनवत के नेतृत्व में उत्तरोत्तर प्रगति के सोपान पर बढ़ते हुए अपने इतिहास की ओर अग्रसर हो रही है। हाल ही में पूर्व माध्यमिक परीक्षा कक्षा आठवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुए। जिसके तहत संस्था में कक्षा आठवीं में दर्ज 33 विद्यार्थियों में सभी विद्यार्थी प्रविष्ट हुए। जिनमें 13 विद्यार्थी ए प्लस, 18 विद्यार्थी ए एवं 2 विद्यार्थी बी प्लस में रहे, इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। संस्था के तीन विद्यार्थियों में प्रथम कु. रिद्धिमा धनेश पटले 95 प्रतिशत, द्वितीय धैर्य अरूण ठाकुर 94 प्रतिशत एवं तृतीय कु. दिशा ज्ञानीराम हरने 93 प्रतिशत अंक लेकर विकासखंड वारासिवनी स्तर पर अव्वल रहे। ज्ञातत्व है कि शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम साथ ही विकासखंड स्तर पर शीर्षस्थ स्थान पाने से विद्यालय का इतिहास परिलक्षित हो रहा है। अच्छे परीक्षा परिणाम से विद्यार्थियों ने अपने पालक सहित विद्यालय, नगर व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की असीम सफलता पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सत्येन्द्र शरणागत, सी. एम. राईज विद्यालय प्राचार्य हुमराज पटले, संकुल प्रचार्य के. एल. चौहान, कवि साहित्यकार प्रणव श्रीवास्तव, खेल सचेतक गणेश सिंह ठाकुर, एस. एम. सी. पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र सोनेकर, वर्तमान अध्यक्ष विनोद डहाके एवं एस. एम. सी. के सभी सदस्यों सहित गणमान्य नागरिकों व पालकों ने बधाईयां देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं।

# शादी सीजन में एटीएम खाली, कार्डधारियों की बड़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शहर में पिछले कुछ दिनों से एटीएम खाली होने की समस्या फिर से दिखाई देने लगी है. शादी सीजन होने के कारण खाली पड़े एटीएम ने लोगों की परेशानी और भी अधिक बढ़ा दी है. गर्मी और तेज धूप के बाद भी रविवार को लोग शहर के विभिन्न एटीएम के चक्कर लगाते रहे. लेकिन अधिकतर एटीएम के खाली पड़े होने के कारण उन्हें निराशा ही हाथ लगी. खासतौर से भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम शनिवार से ही खाली होने की जानकारी सामने आई. शहर के अधिकांश एटीएम रविवार को खाली हो गए थे. एटीएम से पैसे निकालने के लिए दिनभर लोग एटीएम में पहुंचते रहे, लेकिन उन्हें पैसे नहीं मिले. शनिवार को बैंक का अवकाश होने के कारण एटीएम में पैसों की किल्लत और भी अधिक बढ़ गई है. सेलवा निवासी जागृति नागेश्वर ने बताया कि पिछले दो दिन भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन एटीएम में पैसे नहीं होने के कारण अब तक पैसे नहीं मिले हैं और बैंक भी बंद है. उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के अलावा शहर के अन्य बैंक के एटीएम में भी पैसे खत्म हो गए हैं।




इसी प्रकार अरुण राहंगडाले बताया कि पैसों की जरूरत होने पर एटीएम आए थे, लेकिन सभी एटीएम खाली है और कहीं से भी पैसे नहीं निकल रहे हैं. उन्होंने कहा कि बैंक प्रबंधन की लापरवाही है कि बैंकों के अवकाश के पहले एटीएम मशीनों में पर्याप्त राशि नहीं डाली गई हैं. एटीएम में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण ही यह समस्या उत्पन्न हो रही है. उन्हें पैसों की जरूरत है, जिसके चलते वे दोपहर से ही एटीएम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन एटीएम में पैसा नहीं है. उन्होंने कहा कि स्वयं का पैसा ही जरूरत के समय नहीं मिलने से एटीएम लगाए जाने का महत्व क्या रह जाता है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

**सिवनी।** जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत छिंदवाड़ा रोड वाईपास ब्रिज के पास रात्रि के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा जिले के चौरई थाना अंतर्गत समसवाड़ा निवासी प्रवीण पिता संजू प्रजापति उम्र 25 वर्ष रात्रि के समय अपने ग्राम से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने सिवनी आया था। और घर वापस जा रहा था। जब वह छिंदवाड़ा रोड ब्रिज के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी की प्रवीण की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटनाक्रम की जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। साथ ही टक्कर मारकर फरार वाहन की तलाश भी की जा रही है।

### बाइक चोर गिरफ्तार, 1 बाइक जप्त

**सिवनी।** जिले में बाइक चोर गिरोह सक्रीय है। जिनपर अंकुश लगाने का पुलिस प्रयास कर रही है। जहां बाइक चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया की रवि उर्फ बाली पिता चन्द्रभानसिंह राजपूत निवासी परतापुर रोड भैरोगंज सिवनी के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 21 अप्रैल को रात्री 10 बजे करीब अपनी मोटर सायकल क्र. MP-22-MK-0452 से हनुमान व्यायाम शाला परतापुर रोड़ में बारसा समारोह में शामिल होने गया था। तथा मोटर सायकल व्यायाम शाला के सामने खड़ी करके अंदर बफर सिस्टम में खाना खाने चला गया था। जब वहां से वापस आया तो देखा गाड़ी नहीं थी। इसके बाद थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज किया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान आये साक्ष्यों के आधार पर सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की गई। और एक नाबालिग बालक को मोटरसायकिल के साथ पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। जप्त की गई मोटरसायकिल की कीमत 40,000 रूपये बताई जा रही है। इस कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी, चन्द्र प्रकाश, अरविन्द मंदराह, सौरभ सिंह सहित अन्य पुलिकर्मी शामिल रहे।

### विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति सरकार और शिक्षा विभाग गंभीर नहीं

**सिवनी।** मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम 2024 घोषित हो चुके है। सभी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम बहुत अधिक उत्साहजनक नहीं है, परंतु परीक्षार्थियों के लिये यह बहुत अधिक चिंता का विषय भी नहीं होना चाहिये और माता पिता को भी परीक्षा परिणामों को लेकर बहुत निराश होने की आवश्यता नहीं है परीक्षा परिणाम कम आने के अनेक कारण है और जो कारण है उनकी पुनावृत्ति न हो यदि इस बात पर ध्यान दिया जाये तो आने वाले समय में फेल विद्यार्थियों के लिये आज जो निराशाजनक परिणाम आये है वह उनके लिये वरदान बन सकते है। परीक्षा के परिणाम को लेकर उत्साह और चिंता की मिली जुली भावना को काफी सामान्य माना जाता है। हालांकि यह गंभीर तनाव का रूप न ले ले, छात्रों और माता-पिता दोनों को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए। परीक्षा परिणाण को सिर्फ परिणाम की तरह ही देखें, इससे सीख लेते हुए आगे की तैयारी करें। अगर आपके परिणाम इच्छानुरूप नहीं आए हैं तो इसपर चिंता करने से बेहतर है कि आप आगे इससे सीख लेते हुए और मेहनत के साथ पढ़ाई शुरू कर दें। आइए ऐसे कुछ उपायों के बारे में जानते हैं जिनका सभी छात्रों को जरूर ध्यान रखना चाहिए।
हालांकि परीक्षा परिणाम को लेकर सरकार और विभाग को आवश्यक सुधारों के प्रति गंभीर होना चाहिये केवल परिणाम आने के बाद हाय तौबा मचाने की पुनरावृत्ति ठीक नहीं है। लंबे समय से परीक्षा परिणाम निराशाजनक ही है जबकि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार क्रांतिकारी बदलाव के दावे करती है ।

## किसानों का आरोप अच्छी गेहूं को रिजेक्ट करने के बाद

# व्यापारी को औने- पौने दम में बेचने को मजबूर

### व्यापारी का मानना किसानों की रिजेक्ट गेहूं को रेक पॉइंट में बेच देते हैं

किसानो की पीड़ा कम होने का नाम नहीं ले रही है पहले प्राकृतिक आपदा की मार से किसान परेशान था अब बिचौलियों के कारण किसान को उसकी फसल के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं जैसा कि केवलारी क्षेत्र में इस बार प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की गेहूं गुणवत्ता में कमी आई उसको लाभ का धंधा बनाने वाले कुछ व्यापारियों की चांदी हो गई।



केवलारी।

मामला है अहरवाड़ा खरीदी केंद्र का जहां एक मामला सामने आ जाने से बहुत बड़े भ्रष्टाचार के खेल के उजागर होने का अंदेशा है। पूरा मामला यहां है कि किसान राधेश्याम झरिया के द्वारा करीबन 1 महीने पूर्व में खरीदी केंद्र में अपने खेतों की पक्की गेहूं को बेचने के लिए लाया, 5 से 16 अप्रैल को स्लॉट बुक होने के बावजूद भी एक गेहूं के दाना तुलाई नहीं हो पाई, जबकि किसान राधेश्याम का कहना है सर्वियर द्वारा गेहूं को मौखिक रूप से मुझे बताया गया कि पास कर दिया गया है, इसके बाद भी विपरण समिति द्वारा खरीदी जा रही समिति प्रबंधक की लापरवाही के कारण गेहूं की तुलाईं नहीं हो पाई, मजबूरन किसान को खरीदी केंद्र से ही एक निजी व्यापारी को कम दाम में बेचना पड़ा, महीने भर से रखी गेहूं का दाना जमीन पर पड़ने पर अंकुरित होकर उगने लगा लेकिन खरीदी प्रबंधक की लापरवाही साफ तौर से कोई भ्रष्टाचार की ओर अंदेशा जाहिर कर रही।

राधेश्याम झरिया का कहना है कि औने -पौने दाम में व्यापारी को बेचने से सैकड़ो क्विंटल गेहूं से 60000 से ज्यादा का नुकसान झेलना पड़ा। बे मौसम बारिश से और खरीदी केंद्र में नहीं कोई व्यवस्था होने के कारण गेहूं रखी रखी खराब हो रही थी अंकुरित होकर जमीन में फिर उगने लगी थी एक दिन पूर्व में अपग्रेड मशीन आई, अपग्रेडेशन और मजदूरी करवाने में किसानों को ही अधिक व्यय करना पड़ता है।

रिजेक्ट गेहूं रैक पॉइंट में कैसे बिक जाती है

कुछ व्यापारी किसानों से रिजेक्ट गेहूं को खरीद कर रैक पॉइंट में कैसे बेच रहे विपरण समिति अहरवाड़ा में अलग से व्यापारी सक्रिय है किसानों की रिजेक्ट गेहूं को औने पौने दाम में खरीद कर रैक पॉइंट में बेच रहे हैं, राधेश्याम झरिया की गेहूं जब रिजेक्ट हो गई थी उसके बाद जो व्यापारी तौल करवा रहे थे उस संबंधित व्यापारी से संपर्क करके उनसे पूछा गया कि आप यह गेहूं कहां बेच रहे हैं किसानों से लेकर तो उन्होंने बताया कि रैक पॉइंट में हम यह गेहूं को बेच देंगे।

### इनका कहना है

जिला कलेक्टर सिवनी ने जिस तरह निर्देशित किया है उसका पालन करते हुए ही हम गेहूं खरीदी कर रहे हैं
**प्रबंधक**
**विपरण समिति अहरवाडा**

गेहूं खरीदी को लेकर भारी लापरवाही आ रही है किसानों पर कम प्रतिशत पर खराब होने के बावजूद गेहूं लेने से इनकार किया जा रहा है जिससे किसानों को औने पौने दाम पर व्यापारी को बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है
राजुकुमार गोहेंद्र
सरपंच अहरवाड़ा

मेरे द्वारा महीने भर से रखी गई गेहूं को रिजेक्ट कर दिया गया था किसान झूठ बोल रहे है जो गेहूं को मैं पास नहीं करता उसे प्रभारी तुलाइ करने से मना कर देते है
**दीपक कुमार**
**सर्वियर**

अच्छी गेहूं होने के बाद भी मजबूरन व्यापारी को बेचना पड़ा लेकिन बाकी बचे किसानों के साथ इस तरह की लापरवाही ना हो जिससे उनको इतना बड़ा नुकसान झेलना पड़े इसके लिए शासन प्रशासन जांच करके तुरंत कार्रवाई करें यह निवेदन है
**राधेश्याम झारिया**
**किसान**

# कोतवाली पुलिस द्वारा तेज साउंड पर कार्रवाई

सिवनी।

पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को तेज साउंड पर म०प्र० कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है जो निर्देशानुसार इसी मुहिम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जी०डी० शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सुश्री पूजा पाण्डेय के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली श्री सतीश तिवारी द्वारा पूर्व में सभी लोगों को सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत कार्यक्रमों में विधिवत अनुमति प्राप्त करने के पश्चात लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निर्धारित वॉल्यूम में साउंड बॉक्स का उपयोग करने संबंधी निर्देश दिये गये थे, इसी दरमियान दिनांक 26/04/2024 को थाना कोतवाली में सूचना प्राप्त हुई कि छिंदवाडा रोड राजशशि लॉन के सामने में जोर-जोर से डीजे बज रहा है सूचना तस्दीक हेतु मौके पर पहुंचे, जो राजशशि लॉन के सामने शादी के अवसर पर एक छोटा हाथी वाहन क्र. MP-22-LO-0445 में 04 डी0जे0 बडे बॉक्स, एक एम्पली मशीन व लेपटॉप लगाकर जोर-जोर से गाने बजा रहे थे। डीजे संचालक आरीफ पिता जुम्मन मंसुरी उम्र 28 साल नि. लुग्सी थाना चौरई जिला छिंदवाडा से डीजे बॉक्स बजाने की परमिशन पूछने पर कोई परमिशन पेश नहीं किया है, डीजे संचालक आरीफ मंसुरी के द्वारा शासन के आदेश का उल्लघंन करते पाये जाने पर उक्त आरोपी का कृत्य अपराध धारा 7/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पाया जाने से मौके पर पंचनामा तैयार कर समक्ष गवाहो के समक्ष 04 डी.जे बॉक्स बडे, एक एम्पली मशीन, लेपटॉप एवं छोटा हाथी वाहन क्र. MP-22-LO-0445 को मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर शासन के आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर आरोपी के विरूध्द अपराध पंजीबध्द किया गया।

**जप्त संपत्तिः** 04 डीजे बाक्स बडे, एक एम्पली मशीन, लेपटॉप एवं एक छोटा हाथी वाहन।

**आरोपीः** आरीफ पिता जुम्मन मंसुरी उम्र 28 साल नि. लुग्सी थाना चौरई जिला छिंदवाडा।

**विशेष भूमिकाः** निरीक्षक सतीश तिवारी थाना प्रभारी कोतवाली, उनि जयशंकर उइके, आरक्षक 131 मुकेश चौरिया, आरक्षक 749 राजेन्द्र राजपूत की भूमिका सराहनीय रही।

# बैंगलुरु के संगीतकार उमेश जाधव की देशभक्ति और जुनून को सलाम

### एक लाख पचास हजार किलोमीटर की यात्रा कर शहीदों को किया नमन

छपारा।

देशभक्ति का जज्बा और जुनून देखना हो तो बेंगलुरु के संगीतकार उमेश जाधव में देखा जा सकता है। पिछले 4 सालों से एक लाख पचास हजार किलोमीटर का अकेले ही सफर करते हुए उन्होंने 120 शहीदों के घर के आंगन की मिट्टी कलश में सिर्फ इसलिए एकत्रित की, ताकि पुलवामा,कारगिल के आलवा देश की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों के एक लिए स्मारक बनाया जा सके। अपने इस लक्ष्य की प्राप्ति के बाद परिवार सहित अपने घर वापस लौटते समय छपारा नगर के मीडिया कर्मियों और गणमान्य नागरिक से मुलाकात की साथ उन्होंने अपनी इस यात्रा के दौरान हुए खट्टे मीठे अनुभव साझा किए।

देश पर जान न्यौछावर करने वाले शहीदों के बलिदान को यादगार बनाने के मिशन पर चार वर्ष पहले निकले उमेश गोपीनाथ जाधव अपने इस जुनून और जिद के चलते अपनी एक अलग पहचान रखने वाले मूल रूप से महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में पैदा हुये और वर्तमान में वह बैंगलोर शहर में निवासरत है। उमेश जाधव सारे हिंदुस्तान को अपना घर समझते हुए देश के लिए शहीद हुए जवानों के लिए कुछ करने का जुनून 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले मे शहीद हुए चालीस जवानों की मौत की खबर सुनकर अंदर तक हिल गए थे तब से उन्होंने ठाना की एक जिम्मेदार भारतीय नागरिक होने के नाते देश की सुरक्षा की खातिर शहीद होने वाले इन जवानों के साथ उनके परीजनों को उचित सम्मान की खातिर लीक से हटकर इस काम की शुरुआत की और निकल गए पूरे भारत देश का भ्रमण करते हुए शहीदों के परिवार से मुलाकात की और उनके आंगन की एक मुठ्ठी मिट्टी कलश में एकत्र किया और सेना के उच्च अधिकारी को स्मारक हेतु सौपा। अपने इस जज्बे के चलते 4 वर्षों से देश के सभी 29 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में घूमें । उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान उनको देश की कई बड़ी कंपनियों ने अपने उत्पाद के लिए विज्ञापन करने को कहा जिसके एवज में उन्हें अच्छे खासे रुपए भी आफर किए किंतु उन्होंने सबको ठुकरा दिया। साथ ही अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने अपने देश के राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, भारतीय सेना के उच्चाधिकारियों सहित कई फिल्मी हस्तियों से मुलाकात का अवसर मिला सभी ने उनका उत्साह वर्धन किया। ज्ञात हो कि बेंगलुरु के पेशे से संगीतकार और संगीत टीचर जाधव ने बताया कि वर्ष 2019 में पुलवामा में हुये हमले ने उनका हिला के रख दिया उसके बाद वह उन शहीदों के बारे में सोचते हुये कुछ अलग करने के उद्देश्य से अपना सब काम और परिवार को छोड़कर कर्मभूमि-जन्मभूमि भारत की मिट्टी का सम्मान बढ़ाने। उन्होंने अपनी कार में एक दूसरी छोटी कार जोड़कर लगभग एक लाख पचास हजार किलोमीटर का सफर तय कर अपने लक्ष्य को हासिल किया। जिसमें देश भर के शहीदों की यादें रखी हैं। विदित हो कि लाक डाउन के दौरान 2021में सिवनी जिले के छपारा नगर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के फोरलेन के बाईपास पर आचनक उनकी कार खराब हो गई । इत्तेफाक से वहाँ से गुजर रहे इस संवाददाता ने तत्काल रुककर उनकी समस्या के बारे में जाना और उनकी छपारा नगर के मीडिया साथियों ने भरपूर मदद की थी इसी वजह से वह अपनी इस यात्रा पूरी होने पर शनिवार शाम को अल्प प्रवास के लिए छपारा नगर में रुक कर सभी मीडिया साथियों का आभार जताया।तो सभी नगर मीडिया साथियों ने उनकी इस यात्रा पूरी होने पर उनका भरपूर सम्मान किया एवम उज्वल भविष्य की कामना की।

# विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

लखनादौन।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति लखनादौन के तत्वाधान में आज दिनांक 28.04.2024 को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद लखनादौन द्वारा शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय लखनादौन मैं बैचलर ऑफ सोशल वर्कर एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्कर की कक्षा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए श्रीमान दिलीप गुप्ता जिला न्यायाधीश लखनादौन के आतिथ्य में कानूनी जागरूकता एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया. श्रीमान दिलीप गुप्ता ने छात्र-छात्राओं एवं समस्त कर्मचारी को संबोधित करते हुए कहा कि न्याय सबके लिए है कोई व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रह जाए इस उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाता है. शिविर के माध्यम से लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, मोटरयान अधिनियम तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, महिला सशक्तिकरण तथा महिला अपराधों के बारे में विधि अनुसार जानकारी दी गई. इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को तहसील न्यायालय लखनादौन, घंसौर एवं जिला मुख्यालय शिवनी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार के न्यायालय में लंबित सिविल एवं अपराधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से एवं विभिन्न बैंकों, नगर परिषद, श्रम विभाग, विद्युत विभाग, वन विभाग, विभागों से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जावेगा के संबंध में विधि अनुसार जानकारी दी गई. विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विधिक सहायता अधिवक्ता योजना से संबंधित जानकारी दी गई. आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण से श्री कृष्ण कुमार गजभिए राजेंद्र प्रसाद जुगल किशोर, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला एवं ब्लॉक को ऑर्डिनेटर श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव, अनिल चौरे तथा मेंटर एवं स्टाफ एवं अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे तथा पुलिस थाना से निरीक्षक श्री के.एस.पटेल, पीएलबी.श्री मनोज कुमार रजक एवं राघवेंद्र यादव,नावांकुर संस्था चेतना संदेश समिति से श्री उमेश गोल्हानी,चतुरानंद वाजपेयी, उपस्थित रहे।

### गुम मोबाइल को ट्रेस करने में पुलिस को मिली सफलता

**सिवनी।** जिले के पुलिस थाना उगली में पुलिस अधीक्षक महोदय राकेश कुमार सिंह के द्वारा गुम हुए चोरी के मोबाइल के संबंध में गुम मोबाइल ट्रेसिंग डाटा सी.ई.आई.आर. पोर्टल के माध्यम से वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जी.डी शर्मा एवं समस्त अनु विभाग अधिकारी पुलिस सिवनी को दिए गए हैं। इसी तारतम्य में अनुभाग्य अधिकारी पुलिस केवलारी श्री आशीष भराड़े के द्वारा थाना प्रभारी उगली को कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसका पालन करते हुए थाना में प्राप्त गुम मोबाइल के आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए मोबाइल ट्रेसिंग डाटा सी.ई.आई.आर.पोर्टल के माध्यम से कुल 10 मोबाइलों को ट्रेस कर थाना उगली में जमा कराया गया एवं उक्त मोबाइल को गत दिवस 27.4.2024 को थाना परिसर में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केवलारी की उपस्थिति में व मोबाइल के आवेदन क्रमशः लक्ष्मण पंचेश्वर निवास सरेखा कला, बृजलाल बाऊके निवास सुरेखा कला, राहुल भोयर निवास उगली, शुभम पंचेश्वर

# 10 मई को ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समारोह पूर्वक होगा आयोजन

### श्रद्धालुजन सपरिवार पुण्य अर्जित करने आमंत्रित

सिवनी।

धर्मसभा को विप्र समाज के आमंत्रित विद्वानों द्वारा उदबोधित किया जावेगा। कार्यक्रम में अतिथियों का अभिनंदन, प्रतिभा सम्मान, समाज का प्रतिवेदन वाचन, उद्बोधन, आभार अभिव्यक्ति, प्रीति भोज के पश्चात, शाम 7 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम निर्धारित है। जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी एवं आयोजन समिति ने समस्त विप्रजनो तथा श्रद्धालुओ से समारोह में सपरिवार वरद् उपस्थिति प्रदान कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। समारोह के दूसरे चरण मे भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा, वाहन रैली के रूप में दोपहर 3 बजे मठ मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में आमंत्रित विशिष्ट अतिथिगण तथा विप्र समाज के नर-नारी, नगर के निर्धारित रैली मार्ग से भ्रमण करते हुए, नगर वासियों को शुभ आशीर्वाद प्रदान करेंगे। शोभायात्रा नंदीकेश्वर धाम श्री परशुराम भवन पहुंचकर धर्म- सभा में परिवर्तित होगी। तदनुसार 10 मई शुक्रवार को नंदीकेश्वर धाम बरघाट रोड सिवनी में ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य महाराज श्री द्वारा प्रतिष्ठित श्री माता त्रिपुर सुंदरी तथा भगवान श्री परशुराम के सिद्ध मंदिर में प्रातः 9:00 बजे से आचार्य पंडित सोनू महाराज के आचार्यत्व में विधि विधान से अभिषेक, पूजन, अर्चन, विग्रह श्रृंगार, प्रारंभ होगा। जिसमें समस्त के संबंध में बैठक में व्यापक विचार विमर्श के पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में सर्वसम्मत निर्णय लिए गए कि वैशाख शुक्ल अक्षय तृतीया जिला ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान विष्णु के षष्टम् अवतार भगवान परशुराम प्राकट्य महोत्सव आयोजन की रूपरेखा निर्धारित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न समितियां का गठन करके कार्य विभाजन का दायित्व एवं प्रभार सौंपा गया। जिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी की अध्यक्षता में विगत दिवस समाज की जिला बैठक संपन्न हुई। भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम का प्राकट्य महोत्सव समारोह आगामी 10 मई को निकलेगी भव्य शोभायात्रा।

# मोटर सायकिल चोर गिरफ्तार

सिवनी।

पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले में हो रही मोटर सायकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आदेशित किया गया था, जो निर्देशानुसार इसी मुहिम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जी०डी० शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सुश्री पूजा पाण्डेय के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली श्री सतीश तिवारी व उनकी टीम चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी तारतम्य में दिनांक 26.04.2024 को प्रार्थी रवि उर्फ बाली पिता चन्द्रभानसिंह राजपूत निवासी परतापुर रोड भैरोगंज सिवनी के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 21/04/2024 को रात्री 10 बजे करीब अपनी मोटर सायकल क्र. MP-22-MK-0452 से हनुमान व्यायाम शाला परतापुर रोड़ में बारसा समारोह में शामिल होने खाना खाने गया था जो अपनी मोटर सायकल व्यायाम शाला के सामने खड़ी करके अंदर बफर सिस्टम में खाना खाने चला गया था जो करीब 15 मिनट बाद वापस आया तो देखा तो गाड़ी वहां पर नहीं थी, जिसकी थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट किया रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आये साक्ष्यों के आधार पर तत्काल सीसीटीव्ही फुटेज एवं मिली सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा विधि विरूध्द बालक को मोटरसायकिल के साथ पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

**जप्त संपत्तिः** एक मोटरसायकिल क्रमांक-MP22MK0452 किमती 40,000/- रूपये

**पुलिस अभिरक्षाः** 01 विधि विरूध्द बालक।

**विशेष भूमिकाः** निरीक्षक सतीश तिवारी थाना प्रभारी कोतवाली, प्र0आर0 276 चन्द्रप्रकाश अडमें, आरक्षक 638 अरविन्द मंडराह, आरक्षक 755 सौरभसिंह की भूमिका सराहनीय रही।

### दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, हादसे में पिता पुत्र की मौत

**सिवनी।** जिला मुख्यालय से लगभग 40 किमी दूर सिवनी-बालाघाट राजमार्ग पर बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़िया गांव में दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक कार में सवार बालाघाट निवासी नितिन नेमा 43 वर्ष और उनके बेटे अक्षांश 9 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं पत्नी और बड़ा बेटा गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटनाग्रस्त दूसरी कार में सवार आठ लोग घायल हो गए। उक्त दुर्घटना मे घायल हुए सभी दस लोगो का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरघाट व जिला अस्पताल सिवनी में चल रहा है। बताया जा रहा है कि नेमा परिवार नरसिंहपुर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस बालाघाट लौट रहा था। वहीं बालाघाट से एक कार में सवार सात लोग जिले के बरघाट में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। सिवनी-बालाघाट मार्ग पर 24 घंटे में यह दूसरा सड़क हादसा घटित हुआ है। गत रविवार शाम धरना के पास हुए एक सड़क हादसे में बाइक पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी एवं एक गंभीर रूप से घायल है।

# पी.जी. कॉलेज सिवनी में अब साइंस विषय के

## विद्यार्थियों को पीएचडी सेंटर के साथ कई अन्य सौगात

सिवनी।

राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय, छिंदवाडा अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय, सिवनी में म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत स्नावतकोत्तयर कर चुके विद्यार्थियों के लिए एक बडी सौगात मिलने जा रही है। जोकि विज्ञान विषय के स्नागतकोत्तर कर चुके विद्यार्थियों को अब पीएचडी के लिए कही और नहीं भटकना होगा। शासकीय स्ना तकोत्त र महाविद्यालय, सिवनी में जूलॉजी विषय पर शोध कार्य प्रारंभ हो रहा है, जिसका लाभ सीधे सिवनी जिले के विद्यार्थियों को मिलेगा। पूर्व में भी महाविद्यालय को हिन्दीज विषय में शोध कार्य केन्द्रच बनाया जा चुका है, साथ ही पीएम एक्सीलेंस के रूप में कॉलेज को चुना गया है। इसी तारतम्यत में इस सत्र में विज्ञान संकाय के अंतर्गत एमएससी भौतिकशास्त्र , एमएससी कम्यूसक टर साइंस, एम.ए संस्कृत एवं स्नातिक स्तॉर पर संगीत, बॉयोटेक्नोजलॉजी विषय में प्रवेश प्रारंभ हो रहे हैं। उक्तक नवीन कोर्स के साथ पूर्व में संचालित सभी कोर्स यथावत हैं व विद्यार्थियों को इन विषयों से जुडकर उच्चम शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने के अवसर स्थाकनीय स्त्र पर प्राप्तफ होंगे।

महाविद्यालय की बढती उपलब्धियों व विषयों के विस्ताडर के प्रयासों को सार्थक करने व विद्यार्थियों के हित में ये सभी नवीन कक्षाएं प्रारंभ करने हेतु जनभागीदारी अध्योक्ष अजय बाबा पांडेय ने उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार व कुलगुरू राजा शंकरशाह विश्वएविद्यालय, छिंदवाडा डॉ. लीला भलावी को धन्यतवाद प्रेषित किया है और भविष्यत में छात्रहित में आवश्य्क नवीन कक्षाओं व नवीन विषयों के लिए भी सहयोग की अपील किया है। नवीन संचालित कोर्स के संचालन को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने प्रवेश पूर्व समस्ती तैयारियों को लेकर अपने महाविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों को तैयार रहने हेतु निर्देशित किया है। इस नई पहल से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्थाचनीय स्तोर पर शिक्षा के साधनों को सरलता से प्राप्तस करते हुए सफल होने की बात कही का अवसर मिलेगा।

**खबर संक्षेप**

## परीक्षा कार्य में लापरवाही बरतने पर किया निलंबित

**बालाघाट।** विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए रविवार को परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा सामग्री प्राप्ति के लिए शासकीय हाई स्कूल मछुरदा बिरसा के प्रभारी प्राचार्य श्री कुमुद कावड़े को 27 अप्रैल को जिला कार्यालय में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया था। किन्तु श्री कावड़े निर्धारित तिथि में कार्यालय में उपस्थित नही हो पाए। जिसकी वजह से परीक्षा सामग्री वितरण करने में बाधा उत्पन्न हुई । संकुल प्राचार्य शाउमावि कचनारी द्वारा भी बताया गया कि श्री कावड़े अपनी पदांकित संस्था में भी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा परीक्षा जैसे गोपनीय कार्य को गंभीरता से न लेने तथा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में स्वेच्छाचारीता व घोर लापरवाही बरतने के मद्देनजर श्री कुमुद कावड़े को मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1966 के उपनियम 9 के प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## टवेरा वाहन की चपेट में आने से मासूम बालक की हुई मौत




**कटंगी।** कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 06 में टवेरा वाहन की चपेट में आने से घर के सामने खेल रहे 03 वर्षीय मासूम बालक की मौत हो गई. घटना रविवार की सुबह हुई है. मिली जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 06 निवासी रहीम कुरैशी का बालक हुसैन कुरैशी घर के सामने खेल रहा था. इस दौरान टवेरा वाहन क्रमांक एमएच 26 वी 1822 की चपेट में आ गया. सड़क हादसे के बाद वाहन चालक ही बालक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा. जहां चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया. वहीं टवेरा वाहन चालक ने स्वयं को पुलिस के हवाले कर दिया है. मृत बालक के परिजनों का कहना है कि अस्पताल पहुंचने पर बालक को समय पर उपचार नहीं मिल पाया. अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं थे. इधर, पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है. वहीं बालक के शव का पीएम करवाकर शव परिजनों के सुर्पुद कर दिया गया है. इस सड़क हादसे के बाद वार्ड क्रमांक 06 में मातम छा गया है।

## सरस्वती विद्यालय में पांचवी-आठवीं का परीक्षा फल शत प्रतिशत

**वारासिवनी।** स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कक्षा 5 वीं व 8 वीं का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा और सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा आठवीं में प्रथम स्नेहा बुर्डे एवं उमंग लिमजे 91 प्रतिशत, द्वितीय ओसी मेश्राम 90.33 प्रतिशत, तृतीय सुषमा चौहान 89.5 प्रतिशत हासिल किए, वहीं 75 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। वहीं कक्षा पांचवी में प्रथम अपूर्वा चौहान 90 प्रतिशत, द्वितीय कृतिका पटेल 89 प्रतिशत तथा तृतीय चारू पटेल एवं चारु हरणे 82 प्रतिशत रहे। वहीं 76 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक हासिल किए हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अजीत जैन अध्यक्ष, संजय मांधाता सचिव, तिलक पारधी उपाध्यक्ष, शिरीष खंडेलवाल सह सचिव, मुकेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सदस्यों में विजय तेलासकर, प्रदीप तिवारी, राजेश सिंघई, शिवदयाल बोपचे, डिलेन्द्र देशमुख, श्रीमती चेतना देवरस, विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र मिश्रा ने भैया बहनों के साथ-साथ अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं श्रीमती वर्षा अरुण जैन, दयानंद धुवारे, लिखेश्वरी ठाकरे, नीतू टेम्भरे, कुमारी कीर्ति अटराहे, नेहा पटले को उनकी मेहनत उनके सहयोग, अध्यापन कार्य के लिए बधाई दी।

### उचित मूल्य पर प्राप्त कर पाएंगे अध्ययन सामग्री

# जिले में शीघ्र ही होगा पुस्तक मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 1 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। सत्र प्रारम्भ होते ही समस्त शासकीय व निजी विद्यालयों में पठन-पाठन कार्य भी प्रारम्भ हो गया है। समस्त निजी विद्यालयों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग का मप्र निजी विद्यालय अधिनियम 2017 एवं (फीस अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 प्रभावशील है। नियम 2020 की धारा-6 के अनुसार विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावकों को पुस्तके, यूनिफार्म, टाई, जूट, कॉपी आदि के लिए चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए बाध्य नही किया जाएगा। मप्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव मंजूषा विक्रांत राय ने बताया कि जिले में इस तरह की बहुत सी शिकायतें प्राप्त होती जा रही है। जिसके मद्देनजर जिले में 3 दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन शीघ्र ही किया जाएगा। जिसका उद्देश्य उचित।मूल्य।पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना होगा। मेले में समस्त पुस्तक प्रकाशकों व स्टेशनरी विक्रेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। ज्ञात हो कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आचार संहिता लागू है। जिसका पूर्ण पालन करते हुए ही पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा।

# बालाघाट में बदला मौसम : जिला मुख्यालय में हुई तेज बारिश, लोगों को गर्मी से मिली राहत; मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में पश्चिमी विक्षोभ के चलते रविवार को बादल छाए रहे। इसके बाद एकाएक तेज वर्षा होने लगी, लगभग एक घंटे तक बारिश का दौर जारी रहा। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। घंटा भर बारिश के बाद पापी सड़कों पर जमा हो गया, जिससे नगरीय क्षेत्र में लोग परेशान होते दिखे। हालांकि उसके बाद मौसम खुला और फिर तेज धूप पड़ने लगी। रविवार को हुई एकाएक बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। किसानों ने बताया कि रबी की फसल खेतों में कटकर पड़ी है। जिस पर भीगने का खतरा पैदा हो गया है।

वहीं तेज बारिश के बाद एकाएक धूप निकलने से मौसमी बीमारी का खतरा बढ़ गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ से आगामी दिनों में भी बेमौसम बारिश देखने को मिल सकती है।

## अब सातों दिन होगी खरीदी

**बालाघाट।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव श्री बीके चंदेल द्वारा उपार्जन के सम्बंध में पत्र जारी किया गया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने निर्देशित किया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ का उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार तक किया जाता है। किंतू कृषकों की सुविधा के मद्देनजर अब ये कार्य सप्ताह में सातों दिन सोमवार से रविवार तक किया जायेगा।

# शास.हाई स्कूल सुनारककोड़ी का अच्छा रहा वार्षिक परीक्षा परिणाम



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र.भोपाल द्वारा 24 अप्रैल को बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं का वार्षिक परिक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शा.हाई स्कूल सुनारककोड़ी में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर अपने माता पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है । वर्तमान सत्र में शा.हाई स्कूल सुनारककोड़ी में कक्षा दसवीं में कुल 99 विद्यार्थी दर्ज थे तथा 99 विद्यार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए , जिनमें से कुल 66 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए । कुल 07 विद्यार्थियों को पूरक प्राप्त हुई तथा शेष विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। जिनमें से प्रथम श्रेणी में 35, द्वितीय श्रेणी में 29 तथा तृतीय श्रेणी में 02 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए । उक्त परीक्षार्थियों में गौरी पिता युवराज मानकर ने 87.8% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, संध्या पिता डेलचंद घोरमारे ने 86% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा श्रध्दा पिता सतीश चोखान्द्रे द्वारा 80.6% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर शा.हाई स्कूल सुनारककोड़ी के प्राचार्य एवं समस्त शाला परिवार ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की कामनाएँ प्रेषित करते हुए शुभ आशिष प्रदान किया है।

# पुलिस ने किया हत्या का खुलासा : पैसों के लालच में भांजे ने मामा की कुल्हाड़ी मारकर ली थी जान



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पैसों के लालच में भांजे ने मामा की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी भांजे को रविवार को गिरफ्तार किया है।

21 अप्रैल को नातन की शादी में गया सेसर्रा निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग खेल सिंह उईके लापता था। बुजुर्ग का शव 2 दो दिन बाद घर से कुछ ही दूरी पर स्थित नहर के गड्ढे से मिला था। बुजुर्ग के सिर, गले और छाती पर चोटों के निशान मिले थे। पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि खेल सिंह के जवाई चुन्नुलाल उईके की बेटी का विवाह 21 अप्रैल को था। जिसके दहेज के लिए बुजुर्ग ने 8 लाख 50 हजार रूपए रखे थे। बुजुर्ग पैसे लेने घर आया था। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। साथ ही आलमारी में रखे पैसे भी गायब हो गए।

पुलिस ने शक के आधार पर मृतक के भांजे 21 वर्षीय राम सिंह को हिरासत में लिया। राम सिंह ने पुलिस को बताया कि जब वह पैसे लेकर जा रहा था, तो मामा ने देख किया और मेरा पीछा करने लगे। इसके बाद मैंने सुनसान जगह देखकर कुल्हाड़ी मारकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने कुल्हाड़ी और पैसे जब्त कर लिए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसे ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है।

कार्रवाई में एएसआई जयदयाल पटले, विजय अकेला, प्रआर. तिलक सोनेकर, विनोद राठौर, दिलीप कनेश, आरक्षक श्रीधर द्विवेदी, जितेन्द्र सोलंकी, योगेन्द्र सुमन, जितेन्द्र ब्रम्हें, शिवराज उईके, भूपेन्द्र मेरावी और सोहन मर्सकोले शामिल रहे।

# किशोर न्याय बोर्ड में महाविद्यालय की छात्राओं को कराया गया भ्रमण



**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या विद्यालय की जेंडर फोरम समिति द्वारा बुधवार को प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में महाविद्यालय की छात्राओं का किशोर न्याय बोर्ड के भ्रमण करवाया गया। आओ जेंडर पर बात करें विषय पर किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य सुश्री माधुरी कटरे द्वारा छात्राओ को बोर्ड की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। साथ ही बालक बालिकाओं के हित में दिए जाने वाले विभिन्न सुझाव एवं निर्णयो के बारे में भी बताया गया। महिला बाल विकास विभाग के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में उक्त बोर्ड का संचालन किया जाता है । यहां पर ऐसे किशोरो को संरक्षण प्रदान किया जाता है, जो जानबूझकर या अनजाने में किसी तरह के अपराध में संलग्न हो। जिनकी उम्र 0 से 18 वर्ष के अंदर हो उन्हें अपराधी ना मानकर बाल अपचारी के रूप में उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से उनकी काउंसलिंग की जाती है। ऐसे अपचारी बालकों को संप्रेक्षण गृह अर्थात (रिमांड होम) सिवनी में रखा जाता है। यहां पर उन्हें स्वस्थ पारिवारिक माहौल प्रदान किया जाता है। वर्तमान में प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय बोर्ड (श्री भूपेंद्र सिंह) के संरक्षण में इनकी सुनवाई की जाती है। शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ माहौल में किशोर को रखा जाता है ताकि अपने जीवन में दोबारा किसी आपराधिक के प्रकरणों में संलग्न ना हो और अपने नए जीवन की सही शुरुआत कर एक अच्छा नागरिक बन सके । उक्त भ्रमण का महाविद्यालय की कुल 25 छात्राओं ने लाभ उठाया । श्रीमती बबली शेंडे, श्री सचिंद्र पटलिया का विशेष सहयोग रहा । भ्रमण के अंत में श्रीमती तृषा माहुले द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## ई-दक्ष केंद्र में सीपीसीटी प्रशिक्षण प्रारंभ

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार पुराने ई-दक्ष केंद्र में सीपीसीटी का कोर्स कराया जा रहा है। इस कोर्स के लिए इच्छुक अभ्यर्थी पुराने कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में पंजीयन करवा सकते हैं। आधुनिक कंप्यूटर से सुसज्जित लैब में कंप्यूटर और टाइपिंग के अलावा आईटी संबंधी परीक्षापयोगी महत्वपूर्ण जानकारियां सैद्धांतिक और प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षकों द्वारा बताई जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर संबंधी समस्त आवश्यक जानकारियां जैसे- आधारभूत ज्ञान, इन्टरनेट, ई-मेल, एडवांस एमएस ऑफिस, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग आदि महत्वपूर्ण विषय पढाये जायेंगे। इन्टरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता वाले प्रशिक्षण केंद्र में परीक्षा उतीर्ण करने हेतु प्रैक्टिस टेस्ट भी करवाए जायेंगे।

## अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना थीम पर मनाया विश्व मलेरिया दिवस



**बालाघाट।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं एंबेड परियोजना कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीष जुनेजा के निर्देशन में जिले में फैमिली हेल्थ इंडिया द्वारा गोदरेज के सहयोग से एंबेड परियोजना का क्रियान्वयन जिला समन्वयक कंचन सिंह तथा कार्यक्रम सहयोगी महेश डहाते द्वारा मलेरिया उन्मूलन हेतु किया जा रहा है। अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना थीम पर इस वर्ष यह दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न गतिविधियों आयोजित की गई जिसमें अंतर्विभागीय समन्वय बैठक, नारे लेखन, कार्यशाला, जागरूकता रैली सांप सीढी का खेल, शपथ ग्रहण इत्यादि शामिल रहें। इन गतिविधियों का उद्देश्य समुदाय में मच्छर जनित बीमारियों के विषय में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम के दौरान समुदाय में यह संदेश दिया जा रहा है कि लोग अपने-अपने घरों के आसपास कहीं पर भी पानी जमा न होने दें इससे मच्छरों की पैदाइश रोकी जा सकती है। सभी लोग सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, सुबह शाम नीम की पत्ती के साथ कंडे का धुआं या कोई एक मच्छर रोधी उत्पादक का उपयोग करें ताकि घरों में छुपे मच्छरों से सुरक्षा की जा सके, घर में किसी भी सदस्य को बुखार होने पर सबसे पहले खून की जांच कराएं, जांच में यदि मलेरिया पाया जाता है तो उपचार की दवा आशा कार्यकर्ता या उप स्वास्थ्य केंद्र या सरकारी अस्पताल से ही दवा प्राप्त करें एवं पूरी दवा का उपयोग करें दवा खाना बीच में बंद ना करें।

कार्यक्रम के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग से जिला मलेरिया अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी खंड बिरसा एवं बैहर,मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर एवं एंबेड परियोजना बालाघाट से जिला समन्वयक ,प्रोग्राम एसोसिएट एवं बीसीसीएफ के उत्साही सहयोग से आयोजित किया गया।

## लेंडेझरी सीएम राईस स्कूल में कक्षा 12वीं में शुभम हनवत ने पाया प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मांझापुर निवासी अशोक हनवत के सुपुत्र शुभम हनवत ने लेंडेझरी सीएम राईस स्कूल में कक्षा 12वी विज्ञान एवं गणित मे 500 मे से 477 अंक प्राप्त कर 95.4% प्रतिशत बनाकर कक्षा में प्रथम स्थान व जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता एवं परिवार का नाम रोशन किया है।साथ ही हनवत परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। शुभम बचपन से ही पढ़ाई के क्षेत्र में होशियार रहा है।

छात्र शुभम हनवत की इस सफलता पर अशोक हनवत पापा, रागिनी हनवत मम्मी, बड़े भाई संजय हनवत, विजय, डालीराम ,मूलचंद, प्रभात,प्रवीण, आकाश, हरिओम, राजा,प्रकाश, विनोद, सहित हनवत परिवार एवं शिक्षक शिक्षिकाएं ने शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बालाघाट पुलिस को सफलता : नगर से अपहृत बालिका को दिल्ली से दस्तयाब किया, दो आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने 22 अप्रैल को नगरीय क्षेत्र की 14 वर्षीय बालिका के अपहरण मामले में नाबालिग को दस्तयाब किया। पुलिस ने उसका अपहरण करने वाले आरोपी युवक सहित अपहरण में सहयोगी बने कार चालक को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र से 22 अप्रैल को एक युवक, नाबालिग का अपहरण कर उसे कार से लेकर जबलपुर होते हुए दिल्ली पहुंचा। परिजनों की शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने अपहृत नाबालिग की तलाश के लिए कोतवाली थाना से तीन टीम और एक-एक टीम भरवेली और ग्रामीण थाना से बनाकर उन्हें अलग-अलग जगह भिजवाया था। अपहृत नाबालिग की तलाश के दौरान सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने दिल्ली से अपहृत नाबालिग को दस्तयाब और आरोपी को गिरफ्तार कर बालाघाट लाई। मामले में पुलिस ने आरोपी के सहयोगी कार चालक को

# जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए शिविर का आयोजन कल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज पाण्डेय के मार्गदर्शन में संचालित डीईआईसी में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 1 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ.पांडेय द्वारा बताया गया कि शिविर केवल जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए रहेगा। इस शिविर में जबलपुर के डॉक्टर के एल उमा माहेश्वर शिशु हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही मुंबई नारायणा हृदयालय के डॉ. सुप्रितम सेन शिशु हृदय रोग विषेशज्ञ अपनी सेवाए देंगे। डॉ. पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में बालाघाट जिले के 10 विकास खंडों के हृदय रोग से चिन्ह अंकित लगभग 150 बच्चों को बुलाया गया है साथ ही ऐसे सभी बच्चे आ सकते हैं जिनको हृदय रोग की समस्या है या उनकी पूर्व में सर्जरी हो चुकी है उनका फॉलो अप भी किया जाएगा एवम शिविर मैं सभी बच्चों की निःशुल्क जांच की जाएगी।

डॉ. पांडेय ने बताया की शिविर के लिए आवश्यक तैयारियों का जिम्मा राजाराम चक्रवर्ती जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक को सौंपा गया है उनके द्वारा इस शिविर को सफलतापूर्वक आयोजन किया जाएगा। डीपीएम श्री विक्रम सिंह के द्वारा अपील की गई है कि शिविर में आने वाले समस्त बच्चे अपने साथ पुरानी इको रिपोर्ट ,जन्म प्रमाण पत्र, बच्चें की फोटो ,आधार कार्ड, वोटर आईडी ,राशन कार्ड, समग्र आइडी, आयुष्मान कार्ड या अन्य ऐसा कोई भी दस्तावेज जिसमें बच्चे का नाम दर्ज हो लेकर अवश्य आएं।

### बीमारी की पहचान कैसे करें

सिविल सर्जन व सह मुख्य अस्पताल डॉ संजय दबडघाव ने बताया की हृदय रोग से संबंधित रोगों के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है। मरीज की पहचान कुछ इस प्रकार से किया जा सकता है । जैसे कि होठों का नीला पड़ना खेलते खेलते थक जाना । माथे पर पसीना आना ।बार बार सर्दी जुकाम खांसी बुखार होना । वजन ना बढ़ना शरीर का विकास उम्र के हिसाब से ना होना। छोटे बच्चे को दूध पीते समय माथे पर पसीना आना। सांस का फूलना बच्चों को खिलाते समय कठिनाई होना ,चक्कर आना, थकान, बेहोशी ,और कमजोरी महसूस करना नाखून विस्तार हो या जीभ पर पीला रंग पड़ जाना, तेज सांस लेना, सांस लेने में कष्ट हो ना , और शारीरिक गतिविधियों असामान्य करना यह सभी लक्षण हृदय रोग से संभावित हो सकते हैं यदि ऐसा कोई भी लक्षण आप अपने बच्चे में देखें तो उसे एक बार अवश्य जांच कराएं और हृदय रोग से निजात पाएं। शिविर की अधिक जानकारी के लिए राजाराम चक्रवर्ती जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक आर बी एस के मोबाइल नंबर 7999772423 से सम्पर्क किया जा सकता है। शिविर स्थान जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर बालाघाट समय प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक।

## विशिष्ट आवासीय विद्यालय कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई सम्पन्न, लगभग 77 प्रतिशत रही उपस्थिति

**बालाघाट।** विशिष्ट संस्थाओ (कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय) में कक्षा 6वी की प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित की गई । परीक्षा के लिए जिले में 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये थे। जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में 148 में 105 विद्यार्थी उपस्थित रहे, शाउमावि गढी में 116 में 94, शा हाईस्कूल कन्दई में 121 में 100, शा उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा में 288 में 223, शास हाईस्कूल मछूरदा में 105 में 80, शाउमावि मानेगांव में 76 में 59, शाउमावि मलांजखण्ड में 232 में 193, शास हाईस्कूल सोनगुड्डा में 132 में 89, शा उत्कृष्ट विद्यालय परसवाड़ा में 108 में 90, शाउमावि उकवा में 129 में 88, शा हाईस्कूल बोदा में 75 में 57, शा कन्या उमावि परसवाड़ा में 40 में 33, कन्या उमावि बैहर में 37 में 33, कन्या हाई स्कूल गढी में 53 में 39, कन्याम उमावि बिरसा में 61 में 49, शा उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 32 में 22, शा आदर्श उमावि लामता में 24 में 18, शाउमावि लांजी में 32 में 24 एवं शा.रा.दु.उ.मा.वि बालाघाट में 04 में से 3 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो पाए। इस प्रकार जिले से कुल 1813 विद्यार्थी में से 1399 विद्यार्थी कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com